बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी (BAHDH)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

बी.एच.डी.सी.-110 : हिन्दी कहानी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है । शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है । जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं । सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुंध बिल्कुल उस पर से हट जाती है ।

(ख) "जब मैं अपने हृदय पर विश्वास नहीं कर सकी, उसी ने धोखा दिया, तब मैं कैसे कहूँ ? मैं तुम्हें घृणा करती हूँ, फिर भी तुम्हारे लिए मर सकती हूँ । अँधेर है जलदस्यु । तुम्हें प्यार करती हूँ ।"

(ग) "अब घोड़े का नाम न लो । मैं तुमसे इस विषय में कुछ न कहूँगा । मेरी प्रार्थना केवल यह है कि इस घटना को किसी के सामने प्रकट न करना ।"

(घ) बाज़ार में एक नई तरह की पाजेब चली है । पैरों में पड़कर वे बड़ी अच्छी मालूम होती हैं । उनकी कड़ियाँ आपस में लचक के साथ जुड़ी रहती हैं कि पाजेब का मानो निज का आकार कुछ नहीं है, जिस पाँव में पड़े उसी के अनुकूल ही रहती है ।

(ङ) "हाँ, यह तो पता था, पर यह नहीं पता था कि कुल्लू के किस हिस्से में हो । अब भी तुम अचानक ही दिखाई दे गई, नहीं मुझे कहाँ से पता चलता कि तुम इस जंगल को आबाद कर रही हो ।"

2. कहानी को परिभाषित करते हुए कहानी के प्रमुख तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । *16*

3. नयी कहानी के आंदोलनों पर प्रकाश डालिए । *16*

4. 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए । *16*

5. 'पूस की रात' कहानी के शीर्षक की सार्थकता प्रतिपादित कीजिए । *16*

6. 'हार की जीत' कहानी के पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए । *16*

7. 'तीसरी कसम' कहानी की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए । *16*

8. 'मिस पाल' कहानी का मूल प्रतिपाद्य लिखते हुए, कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए । *16*